जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9594 / 2026 दिनांकः 12 मार्च, 2026

सेवा मे,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध महाविद्यालय (बी0एड0),
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः **बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025–26 के अनिवार्य पाठ्यक्रम स्काउट / गाइड एवं योगा प्रशिक्षण पूर्ण कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025–26 का अनिवार्य पाठ्यक्रम स्काउट / गाइड एवं योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र सम्पन्न होना है, जिसके क्रम में सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों से अपेक्षा है किः–

1. अपने महाविद्यालय पर प्रशिक्षण हेतु आवश्यक तैयारी पूर्ण करते हुए प्रशिक्षक की माँग हेतु पत्र सचिव, उत्तर प्रदेश भारत स्काउट / गाइड, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को प्रशिक्षण हेतु निर्धारित तिथि से न्यूनतम 04 दिवस पूर्व प्रेषित करें।
2. प्रशिक्षण शिविर में पंजीकृत समस्त स्काउट / गाइड को प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहना अनिवार्य है। यदि कोई अभ्यर्थी प्रशिक्षण में किसी कारणवश प्रतिभाग नहीं कर पाता है तो वह निर्धारित प्रकिया का अनुपालन करते हुये किसी अन्य महाविद्यालय से सम्बद्ध होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा केवल उन्हीं स्काउट / गाइड का अंकपत्र निर्गत किया जायेगा जो 05 दिवसीय स्काउट / गाइड एवं योगा प्रशिक्षण पूर्ण कर लिये होंगें।
3. प्रशिक्षण अवधि में शिविर के निरीक्षण के समय उपस्थित स्काउट / गाइड की संख्या अन्तिम मानी जायेगी।
4. प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रशिक्षकों से ही प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जाय। प्रशिक्षक एवं प्राचार्य के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रशिक्षुओं की उपस्थिति प्रतिदिन प्रेषित करना अनिवार्य होगा। प्रतिदिन की उपस्थिति से माननीय कुलपति जी एवं रोवर / रेन्जर्स समिति को अवगत कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
5. प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षकों के साथ उचित एवं सम्मानजनक व्यवहार अपेक्षित है तथा उन्हें निर्धारित मानदेय एवं मार्गव्यय शिविर समाप्ति की तिथि को अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराया जाय।
6. शिविर समाप्ति के पश्चात् शिविर संचालक के सहयोग से प्रमाण–पत्र हेतु आवश्यक प्रपत्र विधिवत पूरित कराकर तथा प्रमाणपत्र हेतु निर्धारित शुल्क

रु0 550/– प्रति अभ्यर्थी की दर से विश्वविद्यालय के खाता संख्या– **066105001652** IFSC Code- **ICIC0000661** में जमा करते हुये प्रपत्र एवं शुल्क जमा करने के रसीद विश्वविद्यालय में कार्यालय सहायक **श्री अभिषेक कुमार पाण्डेय (मोबाइल नम्बर– 8700214824)** को उपलब्ध करा दें। निर्धारित प्रपत्र एवं शुल्क जमा करने की रसीद विश्वविद्यालय में जमा करने के उपरान्त ही शिविर पूर्ण माना जायेगा।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अपने महाविद्यालय में प्रशिक्षण पूर्ण कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
सचिव/कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, आजमगढ़ मंडल।
03. मुख्यायुक्त, उ0प्र0 भारत स्काउट/गाइड,
    जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय इकाई, बलिया।
04. जिला आयुक्त, रोवर्स, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड,
    जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. जिला आयुक्त, रेन्जर्स, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड,
    जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

सचिव/कुलसचिव